# संविधान का पालन करना ही डॉ. अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि

**संवाददाता**

देहरादून। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने देश को जो संविधान दिया है उस संविधान का सम्मान करना व उस संविधान के अनुरूप एक सच्चे नागरिक की तरह आचरण करना ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि है। यह बात आज संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण व कांग्रेस मुख्यालय में डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि डॉ0 भीमराव अम्बेडकर ने अपने जीवनकाल में इस बात को साबित किया कि मेहनत, संघर्ष और योग्यता का कोई विकल्प

अम्बेडकर ने साबित किया कि मेहनत, संघर्ष और योग्यता का कोई विकल्प नहीं होता: सिंह

नहीं होता है।

प्रीतम सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण प्रारूप समिति के अध्यक्ष पद के लिए बाबा साहब को चुना गया था। उन्होंने प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए संविधान सभा के सदस्यों द्वारा उठाई गई आपत्तियों, आशंकाओं एवं जिज्ञासाओं का निराकरण बड़ी कुशलता से किया। उनके व्यक्तित्व और चिन्तन का संविधान के स्वरूप पर गहरा प्रभाव पड़ा। डॉ0 अम्बेडकर के प्रभा के कारण ही संविधान में समाज के सबसे कमजोर दलित वर्गों, अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के उत्थान के लिए विभिन्न संवैधानिक व्यवस्थाओं और प्रावधानों का निरूपण किया परिणाम स्वरूप भारतीय संविधान सामाजिक न्याय का एक महान दस्तावेज बन गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि आज देश में सबसे बडी आवश्यकता बाबा साहब के बनाये हुए संविधान की रक्षा करना है क्योंकि कुछ ताकतें आज डॉ. अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान को नष्ट भ्रष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हीं ताकतों ने आज महाराष्ट्र में संविधान, कानून को ठेंगा दिखाते हुए असंवैधानिक रूप से देवेन्द्र फणनवीस के नेतृत्व में सरकार का गठन किया। उन्होंने कहा कि जो लोग आज देश की संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाने में लगे हैं उनसे सावधन रहने की जरूरत है।

## 1 दिसंबर को होगी दून हॉफ मैराथन, 1000 से ज्यादा लोगों की रहेगी भागीदारी

**(संवाददाता)** देहरादून। हाफ मैराथन के 8 वें संस्करण के बारे में बताते हुए, आयोजक पीसी कुशवाहा ने कहा, "देहरादून हॉफ मैराथन के 8 वें संस्करण की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमें हमेशा देहरादून में भारी प्रतिक्रिया मिली है। हम एक समावेशी फिटनेस आंदोलन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मैराथन की श्रृंखला की मेजबानी कर रहे हैं।

हम प्रतिभागियों को एक यादगार अनुभव और देहरादून हाफ मैराथन 2019 के बाद भी निरंतर फिटनेस दिनचर्या के लिए एक सुखद शुरुआत चाहते हैं। थ्रिल जोन एक ऐसा संगठन है जो मैराथन और व्यापक प्रशिक्षण के माध्यम से मैराथन को एक गंभीर खेल के रूप में बढ़ावा देने की स्थापना की दिशा में काम करता है। देहरादून हाफ मैराथन का आठवां संस्करण भारत में थ्रिल जोन की 63 वीं कार्यक्रम है। मैराथन के लिए पंजीकरण देहरादून में कोटक महिंद्रा बैंक की सभी शाखाओं में आयोजित किए जा रहे हैं।



## Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

- Recruitment
- Property
- Business Opportunity
- Vehicles
- Announcements
- Antiques & Collectables
- Barter
- Books
- Computers
- Domain Names
- Education
- Miscellaneous
- Entertainment & Event
- Hobbies & Interests
- Services
- Jewellery & Watches
- Music
- Obituary
- Pets & Animals
- Retail
- Sales & Bargains
- Health & Sports
- Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पत्रकार सेमवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पत्रकारों ने दिया धरना

## पत्रकारों ने प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी भेजा

**धरना-प्रदर्शन**

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड पत्रकार संयुक्त संघर्ष समिति के बैनरतले राजधानी देहरादून स्थित गांधी पार्क के गेट पर पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार शिव प्रसाद सेमवाल की गिरफ्तारी के विरोध में धरना–प्रदर्शन किया। पत्रकारों ने इस संबंध में प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी भेजा।

उत्तराखंड पत्रकार संयुक्त संघर्ष समिति के बैनरतले गांधी पार्क के मुख्य गेट पर विभिन्न पत्रकार संगठनों से जुड़े पत्रकार इस धरने में शामिल हुए। पत्रकारों का कहना था कि विभिन्न मुद्दों को बेबाक तरीके से उठाने और भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होकर लिखने वाले पत्रकार शिव प्रसाद सेमवाल जो कि उत्तराखंड वेब मीडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं को विगत 22 नवंबर को उनके आवास



गांधी पार्क के मुख्य गेट पर धरना देते पत्रकार।

सी–39 नेहरू कालोनी से पूर्वाह्न 11 बजे गलत तरीके से बिना किसी पूर्व सूचना, सर्च वारंट के उठाया गया। जानकारी मिलने पर पत्रकारों द्वारा उनकी खोजबीन की गई तो जानकारी मिली कि थाना सहसपुर के थानाध्यक्ष उन्हें दल–बल के साथ उठा ले गए।

उन्हें घर से पूर्वाह्न 11 बजे उठाया गया और सरकारी दस्तावेजों में उनकी गिरफ्तारी सायं चार बजे के बाद दिखाई गई। इस तरह की अनैतिक गिरफ्तारी का सभी पत्रकार विरोध करते हैं। घर से हुई गिरफ्तारी और इस संबंध में तहकीकात करने वाले संदर्भित अधिकारी व थाना प्रभारी सहसपुर का यह कहना कि शिव प्रसाद सेमवाल की थाने में गिरफ्तारी हुई है, संपूर्ण प्रकरण को संदिग्ध बना देता है।

पत्रकार संघर्ष समिति ने इस संबंध में मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार देहरादून सदर के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी प्रेषित किया। राज्यपाल को प्रेषित किए गए ज्ञापन में इस संपूर्ण घटनाक्रम को संज्ञान मकें लेते हुए तत्काल जांच करवाकर दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने व पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग की गई है।

इस धरने में एनयूजे (आई), इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन, ऑल इंडिया उदू एडिटर कांफ्रेस, जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ उत्तराखंड, नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, देवभूमि पत्रकार यूनियन, वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन, पर्वतीय संपादक परिषद, देवभूमि जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, न्यूज पेपर एंड मीडिया वेलफेयर सोसाइटी, उत्तराखंड वेब मीडिया एसोसिएशन, अखबार बचाओ संघर्ष समिति, उत्तराखंड जनकल्याण पत्रकार समिति, पत्रकार प्रेस परिषद नई दिल्ली आदि संगठनों के प्रतिनिनिधयों के अलावा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भी शामिल हुए।

## न्यूज डायरी

### जलागम प्रबंध निदेशालय में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखंड विकेंद्रीकृत जलागम विकास परियोजना, ग्राम्या–2 के परियोजना क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के हेतु गठित कृषक संघों का, कृषि व्यवसाय गतिविधियों और वित्तीय प्रबंधन की दिशा में व्यावहारिक क्षमता विकास करने के उद्देश्य से जलागम प्रबंध निदेशालय, देहरादून में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जलागम अनुश्रवण एवं विकास परिषद उत्तराखंड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट स्तर), ज्योति प्रसाद गैरोला द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु देश के प्रतिष्ठित संस्थान "इंडियन इंस्टीट्यूट आफ रूरल मैनेजमेंट, आनंद" (इरमा), गुजरात, का सहयोग दिया गया है। कार्यक्रम में ग्राम्या–2 परियोजना के क्षेत्रीय अधिकारियों तथा कृषि व्यवसाय सहयोगी संस्थाओं को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ रूरल मैनेजमेंट, आनंद के विशेषज्ञों द्वारा कृषि व्यवसाय तथा वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### संविधान दिवस पर 'भारत के संविधान' के संकल्प को दोहराया

**(संवाददाता)** देहरादून। संविधान दिवस के अवसर पर सचिवालय सभागार में अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश की उपस्थिति में सचिवालय के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा "भारत के संविधान" के संकल्प को दोहराया गया। अपर मुख्य सचिव ओम प्रकाश ने कहा कि भारत के संविधान में समस्त नागरिकों की गरिमा व देश की एकता बनाये रखने का वृहद एवं शाश्वत संदेश है। उन्होंने भारतीय संविधान की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी देते हुए समस्त कार्मिकों से संविधान की भावना के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करते हुए मजबूत राष्ट्र निर्माण का आह्वान किया।

### कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लोकतंत्र की जीत बताया

**(संवाददाता)** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, महामंत्री विजय सारस्वत और मुख्य प्रचार समन्वयक धीरेंद्र प्रताप ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा महाराष्ट्र में कल शाम 5 बजे विधानसभा के फ्लोर टेस्ट कराए जाने के फैसले को लोकतंत्र की जीत बताया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि इससे स्पष्ट हो गया है कि महाराष्ट्र में राज्यपाल द्वारा लोकतंत्र की हत्या की गई थी और बिना बहुमत के ही भाजपा समर्थक सरकार को खड़ा करने की नापाक कोशिश की गई थी। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को फर्जी मुख्यमंत्री बताते हुए उनसे आज ही तत्काल नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दिए जाने की मांग की।

# संविधान की विशेषताओं पर अमल करने का संकल्प लिया

**संविधान दिवस**

**संवाददाता**

देहरादून। संविधान दिवस के अवसर पर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने संसद के केन्द्रीय कक्ष से लाइव प्रसारण को टीवी के माध्यम से सुना और भारत के संविधान की विशेषताओं पर अमल करने की बात कही।

मंगलवार को देहरादून के सौंधोवाली में आयोजित कार्यक्रम में मसूरी विधायक गणेश जोशी ने कहा कि भारत का संविधान हमें मौलिक अधिकारों के साथ–साथ मौलिक कर्तव्यों की सीख भी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भाषण सुनते मसूरी विधायक गणेश जोशी एवं भाजपा कार्यकर्ता।

देता है। अक्सर देखा गया है कि हम अपने मौलिक अधिकारों को ही याद रखते हैं जबकि कर्तव्यों का पालन करना अधिकारों से कही अधिक महत्वपूर्ण है।

विधायक जोशी ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर उन्होनें कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर संसद के सैन्ट्रल हॉल से राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री के सीधे प्रसारण को सुना। इस अवसर पर भाजपा के मण्डल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, महामंत्री सुरेन्द्र राणा, निरंजन डोभाल, आरएस परिहार, आशीष थापा, मंजीत रावत, पार्षद चुन्नी लाल, भपेन्द्र कठैत, अरविन्द डोभाल, उत्तम रमोला आदि उपस्थित रहे।

## फिल्म 'मुद्दा 370 जे0 एण्ड के' के निर्माता भंवर सिंह पुण्डीर ने सीएम से की भेंट



फिल्म "मुद्दा 370 जे0 एण्ड के" के निर्माता भंवर सिंह पुण्डीर ने सीएम से की भेंट

**(संवाददाता)** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री के औद्योगिक सलाहकार के.एस. पंवार के नेतृत्व में फिल्म "मुद्दा 370 जे0 एण्ड के" के निर्माता भंवर सिंह पुण्डीर तथा निर्देशक राकेश आनन्द सांवत, स्वामी दर्शन भारती तथा राजकुमार सैनी ने मुलाकात की। फिल्म के निर्माता श्री पुण्डीर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि फिल्म आर्टिकल 370 व कश्मीर के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित है। फिल्म की लगभग 50 प्रतिशत शूटिंग उत्तराखण्ड के अति रमणीक दर्शनीय स्थलों पर की गयी है। उन्होंने फिल्म के टीजर रिलीज करने हेतु मुख्यमंत्री से अनुरोध किया तथा इसके लिये समय देने हेतु निवेदन किया।